गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) :(क) से (ग) प्रसार भारती की स्थापना से सम्बद्ध तारीख को औपचारिक रूप से अधिसूचित करने से पहले सभी पक्षों से परामर्श करना जरूरी समझा गया है ताकि वर्तमान घटनाओं के संदर्भ में यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसकी स्थापना राष्ट्रीय हित में है।

चण्डीगढ़ केन्द्र में आकाशवाणी के भूतपूर्व निदेशक की हत्या

568. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किन परिस्थितियों के अंतर्गत आकाशवाणी, चण्डीगढ़ स्टेशन के तत्कालीन निदेशक, श्री राजेन्द्र कुमार तालिब, की हत्या की गई ;

(ख) क्या उनको पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की गई थी; और

(ग) अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए क्या कार्रवाई की गई है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) :(क) से (ग) 6 दिसम्बर, 1990 की प्रातः 9.50 बजे जब श्री राजेन्द्र कुमार तालिब, केन्द्र निदेशक, आल इंडिया रेडियो, अपने पुत्र और अपने निजी सुरक्षा अधिकारी के साथ जब अपने घर के सामने वाले मैदान में बैठे हुए थे तो दो युवक उनसे मिलने आए। उनमें से एक युवक ने अपनी पिस्तौल से 3 राउंड फायर किए जिसमें से दो राउंड श्री राजेन्द्र कुमार तालिब को लगे। तत्पश्चात्, दोनों युवक भाग गए। जब श्री तालिब को हस्पताल ले जाया गया तब उनको मृत बताया गया। पंजाब सरकार के संघ शासित क्षेत्र के प्रशासन से प्राप्त सूचना के अनुसार दो संदिग्ध व्यक्तियों को, जिन्होंने अपराध किया है, पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

स्वर्गीय श्री तालिब के लिए आल इंडिया रेडियो स्टेशन, चण्डीगढ़, में एक गार्ड तैनात किया गया था जो उनके कार्यालय में उनकी सुरक्षा करता था और इसके अतिरिक्त एक निजी सुरक्षा अधिकारी भी उपलब्ध कराया गया था।

Production capacity of Maruti Udyog Ltd.

569. SHRI SHANKAR DAYAL SINGH: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what is the production capacity of Maruti Udyog Ltd. at present;

(b) the number of people who have booked various types cars with Maruti Udyog recenty; and

(c) whether export of vehicles have also started and if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE (SHRI KAMAL MORARKA): (a) Against the installed capacity of 1,00,000 vehicles a year, Maruti Udyog Limited is expected to produce upto 1,30,000 vehicles a year.

(b) As on 23-12-90 the number of pending bookings for various Maruti vehicles are indicated below:—

Maruti 800 Standard	18193
Maruti 800 AC	4425
Omni	4167
Gypsy	699
1000 cc Car	24284
1000 cc Deluxe Model (To be sold in foreign currency)	10375

(c) Maruti Udyog Ltd. started exporting vehicles in 1987. The year-wise exports are indicated below:—

1986-87	102 Nos.
1987-88	713 Nos.
1988-89	1408 Nos.
1989-90	5223 Nos.
1990-91 (Anticipated)	Between 6000-7000 Nos.

जम्मू और कश्मीर में कर्मचारियों द्वारा हड़ताल

570. **श्री कैलाश नारायण सारंग : क्या प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जम्मू और कश्मीर में सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों के हड़ताल पर जाने के क्या कारण थे ;

(ख) इस हड़ताल में कितने अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया ;

(ग) हड़ताल बंद करने के क्या कारण थे और उसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या हड़ताल कर्ता हड़ताल की अवधि का वेतन पाने के पात्र होंगे; यदि हां, तो सरकार को इस पर कुल कितना व्यय वहन करना पड़ेगा ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) से (घ) बड़ी संख्या में राज्य सरकार के कर्मचारी कुछ व्यक्तियों के गिरफ्तार किये जाने, श्रीनगर से टी ए०डी०ए० न्यायालय के स्थानान्तरित किये जाने पहले की गई दो हड़तालों के लिये सभी का आठ दिन का वेतन काटे जाने और पांच वरिष्ठ अधिकारियों को बर्खास्त किये जाने के विरोध को लेकर 16 सितम्बर से अनिश्चित हड़ताल पर थे । हड़ताल कर रहे कर्मचारियों के साथ हुये एक समझौते जिसके कारण हड़ताल समाप्त हुई की मुख्य मांगें निम्न प्रकार थी :

(1) श्रीनगर के टी ए०डी०ए० न्यायालय नियमित आधार पर कार्य करेंगे ।

(2) गिरफ्तार किये गये सरकारी कर्मचारियों, जिसमें डाक्टर गुरू भी शामिल हैं, के मामलों की संवीक्षा की जायेगी और इस बारे में जल्द ही एक निर्णय लिया जायेगा ।

(3) यह निर्णय लिया गया है कि इन पांच अधिकारियों की सेवा समाप्त करने के आदेशों को वापस लेने के लिये कार्रवाई शुरू की जायेगी ।

(4) प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया गया था कि जो कर्मचारी कार्यालय में अनुपस्थित थे उनके खिलाफ बदले की भावना से कोई कार्रवाई नहीं की जायेगी तथा वेतन/भत्ते दिये जाने के लिये इस अनुपस्थिति की अवधि को उचित रूप से नियमित किया जायेगा ।

इस बारे में सरकार द्वारा इस पर किये गये कुल खर्चे के बारे में राज्य सरकार ने कोई सूचना नहीं दी है ।

Prohibition of child labour in hazardous industries

571. SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE:
SHRI MAHENDRA PRASAD:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state: